Jr. Accountant



नई दिल्ली, 13 अक्तूबर, 2021

**सा.का.नि. 118.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, कनिष्ठ लेखपाल (समूह –"ग" पद) भर्ती नियम 1990 को, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय एवं इसकी बाहरी इकाइयो में कनिष्ठ लेखाकार, पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय, कनिष्ठ लेखाकार (समूह -ख पद) भर्ती नियम, 2021 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत होगें।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची में स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं आदि.—** उक्त पदों की भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) तक में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—** वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या ,

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति ओर विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इन नियम के प्रवर्तन में छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय समय पर जारी किए गए, आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| कनिष्ठ लेखाकार | 01* (2021)<br>*कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अनुसचिवीय। | स्तर.6<br>(35400-112400/-) | लागू नहीं होता | 30 वर्ष से अनाधिक (केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों या आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारी के लिए पाँच वर्ष की छूट दी जा सकती है।)<br>**टिप्पण** : आयु सीमा का |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | निर्धारण करने की निर्णायक तिथि केंद्रीय चयन आयोग द्वारा विज्ञापित की जाएगी । |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति** : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री ।<br><br>**अनुभव :** किसी सरकारी कार्यालय या पब्लिक सेक्टर ईकाई या स्वायत्त निकाय या क़ानूनी निकाय में नकद, लेखा और बजट कार्य में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव । | लागू नहीं होता | 2 वर्ष | सीधे भर्ती द्वारा<br><br>**टिप्पण 1** : पद को धारण किए हुए अधिकारी के प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन अवकाश या अन्य परिस्थितियों में छुट्टी पर होने के कारण उत्पन्न हुई रिक्तियां केंद्र सरकार के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकती हैं,-<br><br>(क) जो मूल काडर या विभाग में सदृश पद धारण किए हुए हो; और<br><br>(ख) स्तंभ 7 के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखते हो।<br><br>**टिप्पण 2:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी । |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा । |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| लागू नहीं होता | **समूह 'ख' विभागीय पुष्टि समिति (सीधी भर्ती के पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमे निम्नलिखित होंगे:-**<br><br>(1) निदेशक, केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय -अध्यक्ष; | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक नहीं है । |

| | | |
|---|---|---|
| | (2)उप निदेशक और वैज्ञानिक- डी, केंद्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, न्यायालयिक विज्ञान सेवा निदेशालय - सदस्य;<br>(3) गृह मंत्रालय का एक अधिकारी जिसका पद भारत सरकार के अवर सचिव के पद से नीचे ना हो - सदस्य। | |

[फा.सं.डीएफएसएस/38(2)/2017- पार्ट]

नरेंद्र कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 13th October, 2021

**G.S.R. 118.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Bureau of Police Research and Development (Junior Accountant-Group 'C' post) Recruiting Rules, 1990 except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules to regulate the method of recruitment to the post of Junior Accountant in the Ministry of Home Affairs, Directorate of Forensic Science Services and its outlying units, namely:-

1. **Short title and commencement.—**

(1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Directorate of Forensic Science Services, Junior Accountant (Group 'B' post) Recruitment Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix.**—The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.**— The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the aforesaid Schedule.

4. **Disqualification.**—No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category or persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in pay matrix | Whether selection post or non-selection post |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| Junior Accountant | 01*(2021)<br>*Subject to variation dependent on workload | General Central Service Group 'B', Non Gazetted, Ministerial | Level 6<br>(Rs.35400-112400/-) | Not applicable |

| Age-limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not exceeding 30 years (relaxable for government servants upto five years in accordance with instructions or orders issued by the Central Government).<br><br>**Note**:The crucial date for determining the age-limit shall be as advertised by the Staff Selection Commission | Bachelor's degree in any discipline from a recognised university.<br><br>Experience: Two years experience in Cash, Account and Budget work in a government office or public sector unit or autonomous body or statutory body | Not applicable | Two years | By direct recruitment.<br><br>**Note 1:** Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for duration of one year or more may be filled on deputation basis from officers of the Central Government, -<br><br>(a) holding analogous posts on regular basis in the parent Cadre or Department; and<br><br>(b) possessing educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column (7).<br><br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty -six years as on the closing date of receipt of applications. |

| In case of recruitment by promotion or deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Not applicable | **Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of:-**<br><br>(1) Director, Central Forensic Science Laboratory, Directorate of Forensic Science Services - Chairman;<br><br>(2) Deputy Director and Scientist 'D', Central Forensic Science Laboratory, Directorate of Forensic Science Services –Member;<br><br>(3) An officer from the Ministry of Home Affairs, not below the rank of Under Secretary to the Government of India – Member. | Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F.No. DFSS/38(2)/2017-Part.]

NARENDER KUMAR,Under Secy.